UFO digital cinema

Publication: Navbharat Times
Date: 11/08/2019

NBT नवभारत टाइम्स

# छोटी रेस के घोड़ों से मोटी कमाई करेगा बॉलिवुड !

**पिछले तीन सालों से हर साल दो बॉलिवुड फिल्में 300 करोड़ क्लब में एंट्री कर रही हैं। हालांकि इस साल अभी तक कोई बॉलिवुड फिल्म यह कमाल नहीं कर पाई है। बावजूद इसके इस साल ज्यादा फिल्मों के अच्छे प्रदर्शन के चलते इंडस्ट्री को बीते साल से ज्यादा कमाई की उम्मीद है :**

Prashant.Jain@timesgroup.com

बीते साल 2018 में बॉलिवुड की 13 फिल्मों ने 100 करोड़ क्लब में एंट्री की थी, जो कि अपने आप में नया रिकॉर्ड था। इससे पहले 2017 में सबसे ज्यादा 10 फिल्मों ने 100 करोड़ क्लब में एंट्री की थी। लेकिन ये सारे रिकॉर्ड इस साल टूटने की उम्मीद लगाई जा रही है। दरअसल इस साल के शुरुआती 7 महीनों में अब तक 8 फिल्में 100 करोड़ क्लब में पहुंच चुकी हैं। बेशक, अगर फिल्मों की सफलता का सिलसिला यूं ही चलता रहा, तो बीते साल का 100 करोड़ क्लब का रिकॉर्ड जरूर टूट सकता है।

## 300 करोड़ का है इंतजार

आने वाले दिनों में इंडस्ट्रीवालों को किन फिल्मों से ज्यादा उम्मीदें हैं। इस बारे में बात करने पर यूएफओ मूवीज के सीओओ पंकज जयसिंह ने बताया, 'हमें अक्षय कुमार की मिशन मंगल और जॉन अब्राहम की बाटला हाउस का इंतजार है। इन दोनों ऐक्टर्स ने देशभक्ति जॉनर की फिल्मों को अपना यूएसपी बना लिया है। इसके अलावा आजकल साउथ की फिल्में हिंदी में डब होने की बजाय सीधे हिंदी में भी बन रही हैं। ऐसे में, बाहुबली फेम प्रभास की साहो का हर किसी को इंतजार है। 2 अक्टूबर को रितिक रोशन और टाइगर श्रॉफ की वॉर आ रही है। फिल्म के एक्शन सीन इतने जबर्दस्त लग रहे हैं कि इसे देखकर बाहर निकलने वाला आदमी भी खुद को जमीन से दो फुट ऊपर चलता हुआ ही महसूस करेगा। साथ ही, दिवाली पर हाउसफुल 4 भी रिलीज हो रही है, जिसे सबसे बड़ी कॉमेडी फिल्म माना जा रहा है। इस बार क्रिसमस पर सलमान खान की सुपरहिट दबंग फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म दबंग 3 से भी काफी उम्मीदें हैं। वैसे भी अभी तक इस साल कोई फिल्म 300 करोड़ में नहीं पहुंची है, तो आने वाले दिनों में इसकी भी पूरी उम्मीद लगाई जा रही है। आजकल पब्लिक एक्शन ज्यादा पसंद करती है। खासकर यंगस्टर्स एक्शन फिल्में देखना पसंद करते हैं। ऐसे में, रितिक और टाइगर की वॉर से हमें 300 करोड़ क्लब में एंट्री की पूरी उम्मीद है।'

## फीके नहीं होंगे क्रिसमस-दिवाली

यह ठीक है कि बीते साल दिवाली पर आमिर खान की फिल्म ठग्स ऑफ हिंदोस्तां और क्रिसमस पर शाहरुख खान की फिल्म जीरो बहुत अच्छा नहीं कर पाई थीं। जहां ठग्स ऑफ हिंदोस्तां महज 151 करोड़ की कमाई कर पाई। वहीं शाहरुख खान की जीरो तो 100 करोड़ क्लब में भी नहीं पहुंच पाई और महज 90 करोड़ ही कमा पाई। हालांकि इस बार





दिवाली और क्रिसमस इतना ठंडा जाने की उम्मीद नहीं हैं। बकौल पकंज इस बार दिवाली पर रिलीज हो रही हाउसफुल 4 और क्रिसमस पर रिलीज हो रही सलमान खान की सुपरहिट दबंग सीरीज की दबंग 3 से कम से कम 200 करोड़ तो कमाई की उम्मीद हर किसी को ही है। गौरतलब है कि ये दोनों फिल्में सुपरहिट हाउसफुल और दबंग सीरीज की अगली कड़ी हैं। ऐसे में, इनके इस की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनने की उम्मीद लगाई जा रही है। इनका वीकेंड कलैक्शन 100 करोड़ से ज्यादा होने की उम्मीद है।

CONTINUED ON PAGE 5

### शानदार रहेगा यह साल

**अभी तक यह साल बॉलिवुड इंडस्ट्री के लिए काफी अच्छा बीता है। साल के दूसरे हाफ से भी इंडस्ट्री को काफी उम्मीदें हैं। आने वाले दिनों में हमें रितिक-टाइगर की वॉर, अक्षय की हाउसफुल 4 और सलमान की दबंग 3 अच्छी कमाई कर सकती हैं।**

-पंकज जयसिंह, सीओओ, यूएफओ मूवीज

## इन फिल्मों पर रहेगी नजर

| | |
|---|---|
| 15 अगस्त : | मिशन मंगल |
| 15 अगस्त : | बाटला हाउस |
| 30 अगस्त : | साहो |
| 2 अक्टूबर : | वॉर |
| 25 अक्टूबर : | हाउसफुल 4 |
| 20 दिसंबर : | दबंग 3 |



### 100 करोड़ क्लब

| फिल्म | कमाई |
|---|---|
| कबीर सिंह | 277 करोड़ |
| उड़ी | 245 करोड़ |
| भारत | 211 करोड़ |
| केसरी | 154 करोड़ |
| टोटल धमाल | 154 करोड़ |
| सुपर 30 | 141 करोड़ |
| गली बॉय | 140 करोड़ |
| दे दे प्यार दे | 103 करोड़ |

### हॉलिवुड की टॉप 5

| फिल्म | कमाई |
|---|---|
| अवेंजर्स एंडगेम | 367 करोड़ |
| द लॉयन किंग | 140 करोड़ |
| स्पाइडरमैन फार फ्रॉम होम | 86 करोड़ |
| कैप्टन मार्वल | 84 करोड़ |
| अलाद्दीन | 55 करोड़ |



# बॉक्स ऑफिस पर होगी ज्यादा कमाई

CONTINUED FROM PAGE 1



**इस साल** उड़ी और कबीर सिंह जैसी फिल्मों ने न सिर्फ दर्शकों बल्कि पूरी इंडस्ट्री को हैरान कर दिया है। जानकारों की अगर मानें, तो इन फिल्मों को शुरुआत में तो बहुत से सिनेमा मालिक लगाने को भी तैयार नहीं थे। लेकिन रिलीज के बाद इनका जबर्दस्त क्रेज देखकर इन फिल्मों को लगाने की होड़ लग गई। बेशक, इस साल यह करिश्मा एक नहीं बल्कि दो-दो फिल्मों के साथ हुआ, तो इसे महज इत्तफाक ही कहा जाएगा। लेकिन आने वाले दिनों में कौन सी फिल्में ऐसा कमाल दिखाएंगी, इसके बारे में फिलहाल कुछ भी कहना मुश्किल है। बीते साल देशभर में करीब 1800 फिल्में रिलीज हुई थीं। जबकि इस साल देशभर में करीब 1900 फिल्में रिलीज होंगी। ऐसे में, इस साल बॉक्स ऑफिस की कमाई ज्यादा रहने की उम्मीद लगाई जा रही है, क्योंकि इस दौरान तमाम सिनेमावालों ने नई स्क्रीन भी शुरू की हैं। बेशक, ज्यादा स्क्रीन और ज्यादा फिल्मों से कलैक्शन भी ज्यादा ही होगा। वहीं इस साल हॉलिवुड की फिल्में भी काफी अच्छा कर रही हैं। खासकर डिजिटल रिलीज की वजह से इनकी स्क्रीन बढ़ी हैं, क्योंकि पहले ये चुनिंदा सिनेमाघरों पर रिलीज होती थीं। लेकिन अब टियर 2 और टियर 3 के सिनेमावालों ने भी हॉलिवुड फिल्मों के बढ़ते क्रेज को देखते हुए अपने यहां एडवांस इक्विपमेंट लगा लिए हैं।

## बदल रही है दर्शकों की सोच

आजकल इंडस्ट्री में काफी बदलाव हो रहा है। बेहद तेजी से सिंगल स्क्रीन मल्टीप्लेक्स में तब्दील हो रहे हैं। पिछले दिनों दिल्ली और यूपी में भी तमाम सिंगल स्क्रीन बंद हुए हैं। इस बारे में बात करने पर पंकज कहते हैं कि अब पब्लिक का फंडा साफ है कि वे एंटरटेनमेंट के लिए सिनेमा जाते हैं। ऐसे में, वे टिकट के दाम ज्यादा देने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें सिनेमा बढ़िया क्वॉलिटी के सिनेमाघर में देखना है, जहां अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हों। आजकल सिनमाघरों में तेजी से डॉल्बी एडमॉस साउंड लग रहा है, जिससे सिनेमा देखनेवालों का एक्सपीरियंस बेहतर हुआ है। इसके अलावा बात करें अगर बॉलिवुड के लेवल पर कंटेंट की, तो उसमें भी काफी सुधार आया है। आजकल इंडस्ट्री में अच्छे कंटेंट की काफी डिमांड है। यही वजह है कि अच्छे कंटेंट वाली फिल्में लगातार अच्छा कर रही हैं, फिर चाहे उनमें बड़े सितारें हों या फिर नहीं हों।